निगरानी / टी.ए. / 2159 / 2003 / चित्तौडगढ

दयाशंकर (मृतक) जरिये बनाम नन्दलाल आदि

विधिक उत्तराधिकारी :-

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18-5-2018	**एकल-पीठ** **श्री विजय कुमार सोनी, सदस्य** **उपस्थिति :** **श्री जयकिशन पारीक, अभिभाषक प्रार्थी** **श्री अयूबखां, अभिभाषक अप्रार्थी** **निर्णय** यह निगरानी अन्तर्गत धारा-230 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, विद्वान उप खण्ड अधिकारी, बेगू के निर्णय दिनांक 7-4-2003 के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी है, जिसके द्वारा विद्वान उप खण्ड अधिकारी, बेगू ने अपने समक्ष जैरकार दावा संख्या-31/96 शीर्षक दयाशंकर बनाम लालसिंह अन्तर्गत धारा-88 राजस्थान कातश्कारी अधिनियम में वादी / प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आदेश-1 नियम-10 सी.पी.सी. को खारिज किया है। उभयपक्ष के विद्वान अभिभाषकगण की बहस सुनी, बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया। अधीनस्थ परीक्षण न्यायालय के समक्ष जैरकार वाद संख्या-31/96 में वादी / प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र आदेश-1 नियम-10 सी.पी.सी. इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि दावा संख्या-31/96 के प्रतिवादी संख्या-1 लालसिंह से रामलाल व रघुनाथ ने भूमि का क्रय किया है। इसलिये उन्हें दावा में पक्षकार बनाया जावे। विद्वान उप खण्ड अधिकारी, बेगू द्वारा अपना निगरानीधीन निर्णय दिनांक 7-4-2003 इस आधार पर पारित किया गया है कि प्रतिवादी संख्या-1 के विरूद्ध वादी / प्रार्थी के ही निवेदन पर कार्यवाही समाप्त कर दी गयी थी। जब प्रतिवादी संख्या-1 के विरूद्ध कार्यवाही समाप्त कर दी गयी है तो	

Board of Revenue For Rajasthan Ajmer
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

<u>निगरानी / टी.ए. / 2159 / 2003 / चित्तौडगढ</u>
दयाशंकर (मृतक) जरिये बनाम नन्दलाल आदि
विधिक उत्तराधिकारी :–

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	उसके द्वारा अगर कोई विक्रय किया भी गया है तो क्रेता को पक्षकार बनाया जाना आवश्यक नहीं है। इसी आधार पर विद्वान उप खण्ड अधिकारी, बेगू ने निगरानीधीन निर्णय पारित किया है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है। फलस्वरूप यह निगरानी खारिज की जाती है। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। **(विजय कुमार सोनी)** **सदस्य**	

निगरानी / टी.ए. / 2159 / 2003 / चित्तौडगढ

दयाशंकर (मृतक) जरिये बनाम नन्दलाल आदि

विधिक उत्तराधिकारी :–

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए